**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**24.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे**

**'' मुख्य समाचार''**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश में दो चुनावी रैलियों को किया संबोधित– कहा– पिछले 10 वर्षों में केंद्र सरकार ने सीमावर्ती व पहाड़ी राज्यों का किया भरपूर विकास।
- कांग्रेस पार्टी ने मोदी सरकार पर हिमाचल के साथ सौतेला व्यवहार करने का लगाया आरोप।
- केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी पर आरक्षित वर्गों को ठगने व तुष्टिकरण की राजनीति करने का लगाया आरोप।

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का दावा– प्रदेश की लोकसभा सीटों सहित विधानसभा उपचुनाव में जीत हासिल करेगी कांग्रेस।

------------------------------------------------------------

**नरेन्द्र मोदी**

प्रदेश में पहली जून को होने वाले लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव में अब सात दिन शेष रह गए हैं और ऐसे में चुनाव प्रचार चरम की ओर पहुंच गया है। भाजपा व कांग्रेस दोनों ही प्रमुख दलों के शीर्ष केंद्रीय नेता प्रदेश में चुनाव प्रचार के लिए आ रहे हैं और मतदाताओं को रिझाने का प्रयास जारी है। वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नाहन व मंडी में दो बड़ी चुनावी रैलियों को संबोधित किया। नाहन में शिमला संसदीय सीट से पार्टी प्रत्याशी सुरेश कश्यप के पक्ष में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दस वर्षों में केंद्र सरकार ने देश के सीमावर्ती व पहाड़ी राज्यों का भरपूर विकास किया है और इन इलाकों में सड़कों का जाल बिछाया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश की सेना मजबूत हुई है और आज भारत दुश्मनों को उनके घर में जाकर मारने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार ने सेना को सशक्त बनाया है और पूर्व सैनिकों की वन रैंक–वन पेंशन की वर्षों पुरानी मांग को पूरा किया गया है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आरक्षित वर्गों को दिए जा रहे आरक्षण को खत्म करना चाहती है और धर्म के नाम पर आरक्षण देना कांग्रेस की प्राथमिकता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने सिरमौर जिले के गिरिपार क्षेत्र के हाटी समुदाय को जनजातीय दर्जा देकर उनकी दशकों पुरानी मांग को पूरा किया है जबकि कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर टाल–मटोल करती रही है। उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जनता को झूठी गारंटियां देकर सत्ता में आने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने महिलाओं को 15 सौ रूपए देने का झूठा वायदा किया है जबकि बेरोजगार युवाओं को दी गई नौकरी की गारंटी भी कांग्रेस भूल गई है।

मंडी में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में अभी तक हुए 5 चरणों के चुनावों में एनडीए को बहुमत से ज्यादा सीटें मिल चुकी है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार बड़ी हार की ओर बढ़ रही है। नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पार्टी पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस नेता भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत के खिलाफ तथ्यहीन और अपमानजनक ब्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपने दम पर सफलता हासिल करने वाली बेटियों का कांग्रेस पार्टी अपमान करती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा ने देश में समान नागरिक संहिता का संकल्प लिया है और देश के सभी नागरिकों को एक समान कानून होने चाहिए।

**कांग्रेस**

दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी ने मोदी सरकार पर हिमाचल के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के.सी. वेणुगोपाल और प्रदेश पार्टी प्रभारी राजीव शुक्ला ने आज शिमला में एक संयुक्त पत्रकार वार्ता में कहा कि आपदा के समय केंद्र सरकार ने हिमाचल की कोई मदद नहीं की। उन्होंने दावा किया कि देश में इस बार इंडी गठबंधन की सरकार बनेगी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार ने हिमाचल से जो वायदे किए थे, प्रधानमंत्री ने आज अपनी रैलियों में उनका कोई जिक्र नहीं किया। वेणुगोपाल और राजीव शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सत्ता में आने पर अयोध्या में राम मंदिर की दोबारा से प्राण प्रतिष्ठा करवाएगी, क्योंकि भाजपा ने अधूरे मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा करवाई है जो शास्त्रों के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेता चुनावी रैलियों में महंगाई व बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर कोई बात नहीं कर रहे हैं।

**अनुराग**

केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री और हमीरपुर संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर ने आज ऊना व बिलासपुर ज़िलों के अनेक स्थानों पर चुनावी रैलियों को संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी एस.सी., एस.टी व ओबीसी के आरक्षण में कटौती की तैयारी कर रही है और तुष्टिकरण को बढ़ावा दे रही है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार ने देश के आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के लोगों को सरकारी नौकरी में 10 फीसदी आरक्षण दिया है जो विरोधी पार्टियों को हजम नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा आरक्षित वर्गों को ठगने का काम किया है, जबकि भाजपा में हमेशा ही इन वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, किसान सम्मान निधि योजना, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और फसल बीमा जैसी योजनाओं का अधिकतर लाभ आरक्षित वर्गों के परिवारों को मिला है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार में अनुसूचित जातियों के कल्याण पर विशेष ध्यान दिया है और सामाजिक न्याय मंत्रालय के बजट में 90 फीसदी वृद्धि की गई है।

**मुख्यमंत्री**

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा और मंडी संसदीय क्षेत्रों के अनेक स्थानों पर चुनावी रैलियों को संबोधित किया। लाहौल स्पीति के उदयपुर में पार्टी प्रत्याशी

विक्रमादित्य सिंह के पक्ष में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने भाजपा पर राज्य सरकार को गिराने की नाकाम कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां भाजपा धन बल पर विश्वास रखती है वहीं कांग्रेस पार्टी के पास जनता की ताकत है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी चारों लोकसभा सीटों के अलावा विधानसभा की छः सीटों पर भी जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने 15 महीने के कार्यकाल में एक ओर जहां सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पैंशन योजना बहाल कर दी है वहीं महिलाओं को 15 सौ रूपए प्रति माह पैंशन प्रदान करने की योजना भी लागू की है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने धर्मशाला में कांगड़ा संसदीय सीट से पार्टी प्रत्याशी आनंद शर्मा और विधानसभा उपचुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवार देवेंद्र जग्गी के लिए भी लोगों से वोट मांगे।

## <u>चुनाव प्रचार</u>

भाजपा व कांग्रेस ने आने वाले दिनों में अपने स्टार प्रचारकों को प्रचार अभियान में उतारने का कार्यक्रम बनाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बाद कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे कल 25 मई को प्रदेश में चुनाव प्रचार के लिए आ रहे हैं। वे शिमला जिले के रोहडू में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। इसके अलावा वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी कल हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के तहत अम्ब और धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में दो चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी का 26 मई को शिमला संसदीय सीट के तहत नाहन और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के तहत ऊना में चुनावी जनसभाएं करने का कार्यक्रम है। इसके अलावा पार्टी महासचिव प्रियंका वाड्रा 27 से 30 मई तक मंडी, शिमला और सोलन ज़िलों में अनेक चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगी।

## अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के तेलका में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने लोगों से कांगड़ा संसदीय सीट से पार्टी प्रत्याशी आनंद शर्मा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। अग्निहोत्री ने कहा कि भाजपा नेता चुनाव प्रचार के दौरान अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं और कई मुद्दों पर लोगों का ध्यान भटकाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि अपने डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश सरकार ने बेहतर कार्य किया है।

## <u>विक्रमादित्य</u>

मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने आज मंडी ज़िले के अनेक स्थानों पर चुनावी रैलियां की। उन्होंने दावा किया कि भाजपा का 400 पार का नारा 200 से कम सीटों पर ही सिमट जाएगा। कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि अब तक हुए चुनावों में इंडी गठबंधन को लोगों का भारी समर्थन मिला है और भाजपा को हार का सामना करना पड़ेगा। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश में आपदा से 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ और इसकी एवज में केंद्र ने प्रदेश को कोई मदद नहीं की। उन्होंने कहा कि शिमला–तत्तापानी–करसोग–मंडी सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग बनाना और करसोग में कोल्ड स्टोर स्थापित करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि विदेशी सेब पर आयात

शुल्क को सौ फीसदी बढ़ाने को लेकर भी वे केंद्र में आवाज उठाएंगे, ताकि बागवानों के हितों की रक्षा हो सकें।

**<u>रोहतांग दर्रा</u>**

मनाली से रोहतांग दर्रे तक आज यातायात बहाल कर दिया गया है। उपायुक्त तोरूल एस. रवीश ने बताया कि यातायात के लिए वाहनों की संख्या राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा जारी निर्देश के अनुसार तय की जाएगी।

इस बीच कुल्लू ज़िले की मणिकरण घाटी में पार्वती नदी पर बना लकड़ी का पुल बीती रात पानी के तेज बहाव के साथ बह गया। ये पुल कटागला व छलाल गावों को जोड़ता है और लोगों ने प्रशासन से दोबारा से इस पुल को बनाने का आग्रह किया है।

**<u>स्कूल बंद</u>**

.भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए ऊना जिले में सभी सरकारी और निजी प्री–प्राइमरी और प्राइमरी स्कूल कल 25 मई को भी बंद रहेंगे। उपायुक्त जतिन लाल ने इस संदर्भ में आदेश जारी करते हुए कहा कि जिले में हीट वेव का भयंकर प्रकोप है और अत्यधिक गर्मी के कारण बच्चों की स्वास्थ्य रक्षा के लिए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भी हीट वेव की संभावना जताई है।